डिप्लोमा इन ऐलिमेन्ट्री एजुकेशन (डी.एल.एड.)
(प्रारंभिक शिक्षा में पत्रोपाधि)

द्विवर्षीय पाठ्यक्रम

प्रायोगिक संस्करण

2018

राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्,
शंकरनगर रायपर,छत्तीसगढ़

डी.एल.एड. द्विवर्षीय पाठ्यक्रम

(A) पाठ्यक्रम के उद्देश्यों में निहित सिद्धांत

सिद्धांत– 1

छात्राध्यापक विषयों में निहित अवधारणाओं,जानकारी प्राप्त करने के तरीकों और उनकी संरचना को समझेंगे। वे सीखने के अनुभवों को इस प्रकार तैयार करेंगे कि विषय सीखना बच्चों के लिए अर्थपूर्ण गतिविधि होगा।

छात्राध्यापक बच्चों को सिखाए जाने वाले विषयों की मुख्य अवधारणाओं, मान्यताओं, विषय वस्तु के पक्ष एवं विपक्ष में प्रस्तुत किए जा सकने वाले तर्क से संबंधित जानकारी प्राप्त करने की विधियों एवं तरीकों के विषय में बच्चों की समझ बनाने में अपनी भूमिका समझ सकेंगे।

बच्चों की विषय संबंधी अवधारणात्मक समझ और गलत धारणाएँ ज्ञान के सीखने को कैसे प्रभावित करती है, छात्राध्यापक यह समझेंगे। छात्राध्यापक उनके विषय ज्ञान को दूसरे विषय क्षेत्र से जोड़ सकेंगे।

सिद्धांत– 2

छात्राध्यापक समझेंगे कि बच्चों का विकास कैसे होता हैं और वे कैसे सीखते हैं तथा बच्चों को सीखने के कैसे–कैसे मौके दिए जा सकते हैं जो उनके बौद्धिक, सामाजिक एवं व्यक्तिगत विकास में मदद कर सकें।

छात्राध्यापक सीखना कैसे होता है, बच्चा ज्ञान का निर्माण कैसे करता है, कौशल कैसे अर्जित करता है और दिमागी आदतें कैसे विकसित होती हैं, यह समझेंगे साथ ही यह भी जानेंगे कि बच्चों के सीखने को बढ़ावा देने के लिए किस प्रकार के निर्देश उपयोगी हैं। छात्राध्यापक बच्चों के सीखने की क्षमता पर प्रभाव डालने वाले शारीरिक, सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक और संज्ञानात्मक विकास को भी समझेंगे।

छात्राध्यापक अपेक्षित विकास की प्रक्रिया और शारीरिक, सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक और संज्ञानात्मक क्षेत्रों में वैयक्तिक अंतर की सीमा या फैलाव, से परिचित होंगे। वे सीखने की तैयारी का स्तर जान सकेंगे एवं एक क्षेत्र में विकास का दूसरे क्षेत्रों के प्रदर्शन या उपलब्धि पर पड़ने वाले प्रभाव को समझ सकेंगे।

सिद्धांत– 3

छात्राध्यापक बच्चों के सीखने के अलग–अलग तरीकों को समझेंगे और सीखने की विभिन्नता को ध्यान में रखकर सीखने के अवसर तैयार कर सकेंगे। छात्राध्यापक ऐसे अपवाद क्षेत्रों, जैसे सीखने में अक्षम, इंद्रियों द्वारा पहचानने में असमर्थ और शारीरिक या मानसिक रूप से कमजोर,बच्चों की समस्याओं से परिचित होंगे।

सिद्धांत– 4

छात्राध्यापक विभिन्न अनुदेशात्मक प्रविधियों को समझेंगे तथा उनका उपयोग बच्चों में समालोचनात्मक सोच, समस्या समाधान तथा उपलब्धि क्षमता/कौशल का विकास करने में सफल हो सकेंगे।

छात्राध्यापक सीखने से संबंधित विभिन्न संज्ञानात्मक संक्रियाओं को समझेंगे। (उदाहरण के लिए समालोचनात्मक और सृजनात्मक सोच, समस्या का स्वरूप तथा समस्या समाधान, अन्वेषण तथा प्रत्यास्मरण) और कैसे इन संक्रियाओं/प्रक्रियाओं से सीखने के लिये परिस्थितियाँ निर्मित की जा सकती है, समझेंगे ।

सिद्धांत– 5

छात्राध्यापक शैक्षिक (सीखने के लिए) वातावरण निर्माण के लिए वैयक्तिक तथा सामूहिक प्रोत्साहन की समझ का उपयोग कर सकेंगे। जो सकारात्मक सामाजिक अंतःक्रिया, सीखने में सक्रिय भागीदारी तथा स्वप्रोत्साहन को बढ़ावा देगा।

छात्राध्यापक मनोविज्ञान, मानव विकास तथा समाज शास्त्र में निहित मानवीय व्यवहार तथा प्रोत्साहन संबंधित ज्ञान का प्रयोग ऐसी प्रविधियों के निर्माण में कर सकेंगे जो संगठन तथा वैयक्तिक एवं सामूहिक कार्य में सहायक हो।

छात्राध्यापक समझेंगे कि किस प्रकार से समुदाय समूह में कार्य करता है तथा व्यक्तियों को प्रभावित करता है और यह भी समझेंगे कि कैसे व्यक्ति, समूह को प्रभावित करता है।

छात्राध्यापक जानेंगे कि कैसे जटिल सामुदायिक संरचना में व्यक्ति की सहायता करें जिससे वे एक–दूसरे के साथ सहयोगात्मक रूप से कार्य करें।

सिद्धांत– 6

छात्राध्यापक प्रभावशाली शाब्दिक, अशाब्दिक संवाद के ज्ञान का उपयोग कक्षा में छात्रों को सक्रिय, खोजपरक, सहयोगात्मक तथा सामूहिक अंतःक्रिया को प्रोत्साहित करने के लिए करेंगे। छात्राध्यापक संवाद (communication) के सिद्धांत, भाषा विकास तथा सीखने में भाषा की भूमिका को समझेंगे। छात्राध्यापक समझेंगे कि कैसे संस्कृति और लिंगभेद कक्षा में बातचीत को प्रभावित करते हैं। छात्राध्यापक शाब्दिक तथा अशाब्दिक संवाद के महत्व को जानेंगे।

सिद्धांत– 7

छात्राध्यापक सीखने–सिखाने की योजना का निर्माण, विषयवस्तु के ज्ञान, छात्र, समुदाय और पाठ्यचर्या के उद्देश्यों के आधार पर करेंगे।

छात्राध्यापक में सीखने के सिद्धांतों, विषयवस्तु, पाठ्यचर्या निर्माण, ज्ञान के सृजन की समझ स्पष्ट होगी । साथ ही छात्राध्यापक यह भी जानेंगे कि पाठ्यचर्या के उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु इस ज्ञान का उपयोग शिक्षण अधिगम योजना निर्माण में किस प्रकार कर सकते हैं।

छात्राध्यापक समझेंगे कि किस प्रकार बच्चों की व्यक्तिगत रुचि, आवश्यकता, अभिवृत्ति और सामुदायिक संसाधन का उपयोग शिक्षण अधिगम योजना निर्माण में किया जाए ताकि पाठ्यचर्या के उद्देश्यों एवं बच्चों के अनुभवों के मध्य प्रभावशाली सेतु का निर्माण हो ।

सिद्धांत– 8

छात्राध्यापक सीखने वाले के सामाजिक, शारीरिक विकास और निरंतर बौद्धिक विकास को सुनिश्चित एवं मूल्यांकित करने हेतु औपचारिक एवं अनौपचारिक मूल्यांकन प्रविधियों को समझेंगे और उपयोग करेंगे।

छात्राध्यापक ,बच्चे किस प्रकार सीखते हैं, का मूल्यांकन, वे क्या जानते हैं? और क्या कर सकते हैं? किस प्रकार के अनुभव उनके आगे के विकास एवं वृद्धि के लिए सहायक होंगे के आकलन के गुण ,उपयोग, लाभ और सीमाओं को समझेंगे।

सिद्धांत–9

छात्राध्यापक कला के बुनियादी सिद्धान्तों से परिचित होंगे। जिससे उन्हें अपनी कलात्मक प्रवृत्तियों को उभारने में मदद् मिलेगी। वे महानतम धरोहरों से परिचित होंगे ताकि अपने परिवेश की उत्कृष्ट कलाकृतियों का रसास्वादन कर सकें।

(B) प्रवेश प्रात्रता

स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर दिनांक 31 जनवरी 2008 की अधिसूचना क्रमांक एफ 6–2/08/20 राज्य शासन एतद् द्वारा प्रवेश में डाईट/बी.टी.आई./महाविद्यालयों/संस्थाओं में द्विवर्षीय डी.एल.एड. पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए नियम (छत्तीसगढ़ राजपत्र) तैयार किए गए हैं।

(C) पाठ्यक्रम का नाम परिवर्तन –

प्रशिक्षण छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग,मंत्रालय महानदी भवन नया रायपुर पत्र कमांक एफ 6–5/2016/20 तीन नया रायपुर 19 दिसम्बर 2016 के अनुसार NCTE 2014 के दिशा निर्देशों के अनुसार राज्य में चल रहे डी.एड़ पाठ्यक्रम को डी.एल.एड. पाठ्यक्रम में बदले जाने हेतु प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई।

(D) प्रशिक्षण अवधि

प्रशिक्षण अवधि दो शैक्षणिक वर्षों की होगी। दोनों सत्र 1 जुलाई से 30 जून तक के होंगे। प्रत्येक सत्र के कार्यों के दिनों की संख्या कम से कम 200 परीक्षा अवधि को छोड़कर होगी जिसमें शाला इंटर्नशिप के अंतर्गत प्रथम वर्ष 24 कार्य दिवस शाला अवलोकन शेष दिवस सैद्धांतिक पढ़ाई, प्रायोजना कार्य करने, परीक्षा हेतु एवं द्वितीय वर्ष 96 कार्य दिवस शाला अनुभव कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राध्यापक चयनित शाला में संलग्न होंगे। अध्यापन हेतु व्याख्यान विधि का उपयोग न्यूनतम होगा। छात्राध्यापक स्वयं अध्ययन कर तथ्यों को जाँचेंगे एवं समूह चर्चा द्वारा स्वयं के लिए निष्कर्ष निकालेंगे। ग्रंथालय का भी अध्ययन हेतु अधिकतम उपयोग करेंगे। छात्राध्यापक आवश्यकता अनुसार आई.सी.टी. का भी उपयोग करेंगे।

डी.एल.एड. प्रथम वर्ष

सैद्धांतिक परीक्षा–

प्रश्न पत्र क्रमांक	विषय का नाम	प्रस्तावित कुल कालखण्ड	सैद्धांतिक परीक्षा के अंक	न्यूनतम उत्तीर्णांक के अंक	आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा के अंक	न्यूनतम उत्तीर्णांक के अंक	योग	विशेष
पहला	बाल विकास और सीखना	120	80	40	20	10	100	सैद्धांतिक व व्यावहारिक (आंतरिक एवं प्रायोगिक) परीक्षा में पृथक–पृथक उत्तीर्ण होने के लिए प्रत्येक में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा।
दूसरा	ज्ञान शिक्षा क्रम व शिक्षण शास्त्र	120	80	40	20	10	100	
तीसरा	शैक्षिक तकनीकी	120	80	40	20	10	100	
चौथा	हिन्दी भाषा शिक्षण स्तर –1	120	80	40	20	10	100	
पांचवा	**English Language Proficiency**	120	80	40	20	10	100	
छठवां	गणित शिक्षण	120	80	40	20	10	100	
सातवां	पर्यावरण व पर्यावरण शिक्षण	120	80	40	20	10	100	
आठवां	शालेय संस्कृति, नेतृत्व एवं विकास	120	80	40	20	10	100	
योग–1		**960**	**640**	**320**	**160**	**80**	**800**	

2. व्यावहारिक परीक्षा

क्र.	विषय	प्रस्तावित कुल कालखण्ड	बाह्य मूल्यांकन के अंक	आंतरिक मूल्यांकन के अंक	पूर्णाक
अ	कला शिक्षा एवं लोक संस्कृति भाग–1	24	20	20	40
ब	योग शिक्षा स्वास्थ्य, स्वच्छता, भावात्मक शिक्षा– भाग–1	24	20	20	40
स	कार्य शिक्षा एवं व्यावसायिक विकास भाग–1	24	20	20	40
द	कम्प्यूटर शिक्षण भाग–1	24	20	20	40
ई	शाला इंटर्नशीप कार्यक्रम (शाला अवलोकन कार्यक्रम) (कक्षा 1 से 8)	इंटर्नशीप –04 सप्ताह= 30 दिवस 24 कार्य दिवस =144	20	20	40
	योग 02	**240**	**100**	**100**	**200**
	महायोग (योग 01 एवं योग 02)	**1200**	**740**	**260**	**1000**

डी.एल.एड. द्वितीय वर्ष

1. सैद्धांतिक परीक्षा–

प्रश्न पत्र क्रमांक	विषय का नाम	प्रस्तावित कुल कालखण्ड	सैद्धांतिक परीक्षा के अंक	न्यूनतम उत्तीर्णांक के अंक	आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा के अंक	न्यूनतम उत्तीर्णांक के अंक	योग	विशेष
नवां	आधुनिक विश्व के संदर्भ में भारतीय शिक्षा	**90**	80	40	20	10	100	सैद्धांतिक व व्यावहारिक (आंतरिक एवं प्रायोगिक) परीक्षा में पृथक–पृथक उत्तीर्ण होने के लिए प्रत्येक में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा।
दसवां	सामाजिक ,सांस्कृतिक परिपेक्ष्य में संज्ञान एवं अधिगम	**90**	80	40	20	10	100	
ग्यारहवां	विविधता,समावेशी शिक्षा और जेण्डर	90	80	40	20	10	100	
बारहवां	हिन्दी शिक्षण स्तर –2	90	80	40	20	10	100	
तेरहवां भाग 01	अंग्रेजी शिक्षण /	45	40	20	10	05	50	
तेरहवां भाग 02	संस्कृत शिक्षण	45	40	20	10	05	50	
चौदहवां	गणित शिक्षण/विज्ञान शिक्षण/सामाजिक विज्ञान शिक्षण (कोई एक विषय)	90	80	40	20	10	100	
योग 01		**540**	**480**	**240**	**120**	**60**	**600**	

2. व्यावहारिक परीक्षा

क्र.	विषय	प्रस्तावित कुल कालखण्ड	बाह्य मूल्यांकन के अंक	आंतरिक मूल्यांकन के अंक	पूर्णांक
अ	कला शिक्षा एवं लोक संस्कृति भाग–2	21	20	20	40
ब	योग शिक्षा स्वास्थ्य, स्वच्छता, भावात्मक शिक्षा– भाग–2	21	20	20	40
स	कार्य शिक्षा एवं व्यावसायिक विकास भाग–2	21	20	20	40
द	कम्प्यूटर शिक्षण भाग–2	21	20	20	40
ई	शाला इंटर्नशीप कार्यक्रम (शाला अनुभव कार्यक्रम)–(कक्षा 1 से 8)	इंटर्नशीप –16 सप्ताह= 120 दिवस, 96 कार्य दिवस = 576	120	120	240
योग 02		**660**	**200**	**200**	**400**
महायोग (योग 01 एवं योग 02)		**1200**	**680**	**320**	**1000**

1. सैद्धांतिक विषयों की मुख्य परीक्षा छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा प्रत्येक सत्र के अन्त में होगी। मण्डल द्वारा प्रत्येक मुख्य परीक्षा के परिणाम के बाद उसी सत्र के लिए एक अनुगामी परीक्षा होगी।
2. प्रत्येक सैद्धांतिक प्रश्न पत्र में आंतरिक मूल्यांकन हेतु 20 अंक एवं बाह्य मूल्यांकन (मण्डल द्वारा) में प्रति विषय 80 अंक होंगे। बाह्य मूल्यांकन के अंतर्गत प्रत्येक प्रश्न पत्र 3 घण्टे का होगा।
3. सैद्धान्तिक विषयों में आन्तरिक मूल्यांकन के पीछे दृष्टि यह है कि छात्राध्यापक दी गई विषयवस्तु और पठन सामग्री के आधार पर अपने अनुभवों को मिलाकर सोचने के लिए तैयार हो, स्वयं चिंतन कर सके तथा समस्याओं पर अपनी दृष्टि और विचार विकसित कर सके । इन आन्तरिक मूल्यांकन को लेकर कुछ बातों पर ध्यान रखने की आवश्यकता है।
   - कुछ प्रायोजनाएँ नमूना मात्र हैं। हम ऐसा मानते है कि आन्तरिक मूल्यांकन के लिए प्रत्येक छात्राध्यापक को स्वयं इन इकाइयों की विषयवस्तु पर आधारित आन्तरिक मूल्यांकन को लेकर कुछ बातों पर ध्यान रखने की आवश्यकता है।
   - आन्तरिक मूल्यांकन की प्रायोजना प्रत्येक छात्राध्यापक की अलग–अलग हो सकती है। यानी किसी एक डाइट में पढ़ाने वाले छात्राध्यापक की प्रायोजना उसके या किसी दूसरे डाइट में पढ़ाने वाले से भिन्न हो सकती है अर्थात् प्रत्येक छात्राध्यापक को स्व–विवेक से भी प्रायोजना बनानी है।

- डी.एल.एड. के पाठ्यक्रम में इन आन्तरिक मूल्यांकन की प्रायोजनाओं का प्रत्येक वर्ष में एक ही होना अनिवार्य नहीं है। हर वर्ष ये अलग–अलग हो सकती हैं अर्थात् ऐसा नहीं माना जाए कि इस वर्ष में प्रथम वर्ष के छात्राध्यापक को जो प्रायोजना दी गई है। वही अगले वर्ष प्रवेश लेने वाले प्रथम वर्ष के छात्राध्यापक को भी दी जाए।
- प्रत्येक छात्राध्यापक अपने तरीके से इनके बारे में सोचे। प्रायोजना ऐसी हों जो कि अध्याय की विषयवस्तु के आधार पर सोचकर जवाब देने के लिए छात्राध्यापक को तैयार करे न कि अध्याय की विषय वस्तु रटकर। सिर्फ ऐसे सवाल ही नहीं हो जिनके जवाब सिर्फ अध्याय की विषयवस्तु को पढ़कर दिए जा सकें। अर्थात् अध्याय से विकसित दृष्टि और अपने अनुभव के आधार पर जवाब देने के लिए छात्राध्यापक को तैयार करे।

परीक्षा में श्रेणियां निम्नांकित आधार पर दी जाएंगी –

1. सैद्धांतिक परीक्षा के भाग का महायोग 50 प्रतिशत से कम होने पर छात्राध्यापक को उन सभी प्रश्न पत्रों में जितने प्राप्तांक 50 प्रतिशत से कम होंगे पुनः परीक्षा देनी होगी। पुनः उत्तीर्ण होने के लिए प्रत्येक विषय में 50 प्रतिशत अंक पृथक–पृथक प्राप्त करना अनिवार्य होगा।
2. पुनः परीक्षा में छात्राध्यापक केवल स्वाध्यायी छात्र के हैसियत से प्रविष्ट हो सकेगा और पूर्व में नियमित छात्राध्यापक के रूप में प्राप्त आन्तरिक मूल्यांकन का लाभ उसे उन विषयों में मिल सकेगा।

व्यावहारिक मूल्यांकन में अनुत्तीर्ण होने की दशा में –

1. यदि कोई प्रशिक्षणार्थी प्रथम वर्ष के प्रथम अवसर के व्यावहारिक मूल्यांकन में अनुत्तीर्ण होता है तो उसे द्वितीय अवसर में पुनः व्यावहारिक मूल्यांकन की सम्पूर्ण प्रक्रिया में सम्मिलित होना पड़ेगा।

डी.एल.एड. पाठ्यक्रम में पुनः प्रवेश के संबंध में –

1. इस पाठ्यक्रम में किसी कारण से यदि किसी छात्राध्यापक का नाम महाविद्यालय/संस्थान से खारिज किया जाता है तो ऐसे छात्राध्यापकों को केवल एक बार पुनः प्रवेश संबंधित महाविद्यालय/संस्थान दे सकेंगे।
2. इस पाठ्यक्रम के सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक परीक्षा में बैठने के लिए न्यूनतम 80 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य होगी। यदि किसी छात्राध्यापक की उपस्थिति इस न्यनूतम उपस्थिति से कम हो तो उस वर्ष उसे परीक्षा में बैठने से रोका जायेगा तथा ऐसे छात्राध्यापक को अगले वर्ष पुनः शुल्क जमा कर इस पाठ्यक्रम में प्रवेश लेना होगा। अर्थात् यदि प्रथम वर्ष में परीक्षा से डीबार (Debar) होता है तो अगले वर्ष प्रथम वर्ष में

और यदि द्वितीय वर्ष में डीबार (Debar) होता है तो अगले वर्ष द्वितीय वर्ष में उसे पुनः प्रवेश लेना होगा।

3. 80 प्रतिशत से उपस्थिति कम है तो 5 प्रतिशत उपस्थिति प्राचार्य अपने अधिकार से, 7 प्रतिशत सचिव, छ0ग0मा0शि0म0 के अनुमति से तथा 8 प्रतिशत अध्यक्ष, छ0ग0मा0शि0म0 के अनुमति से विद्यार्थी को दिया जा सकेगा।

सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक परीक्षा के संबंध में –

राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद्, विनियम 2014 के नियम 2.1 के अनुसार डी.एल.एड. पाठ्यक्रम में प्रवेश की तारीख से अधिकतम तीन वर्ष की अवधि में छात्राध्यापकों को इस पाठ्यक्रम को पूरा करने की अनुमति होगी। अर्थात् प्रथम वर्ष के सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक परीक्षा में सम्मिलित होकर अनुत्तीर्ण छात्राध्यापकों को भी द्वितीय वर्ष में प्रवेश दिया जायेगा। द्वितीय वर्ष में छात्राध्यापक प्रथम वर्ष के साथ–साथ द्वितीय वर्ष के परीक्षा में बैठेंगे। छात्राध्यापकों को मुख्य परीक्षा व पूरक परीक्षा मिलाकर कुल 6 अवसर में इस पाठ्यक्रम को पूरा करना आवश्यक होगा।

परीक्षा योजना

प्रश्न के स्वरूप (सैद्धांतिक परीक्षा)

पूर्णांक – 80 समय–3 घण्टा

खण्ड	विवरण	पूछे जाने वाले प्रश्नों की संख्या	हल किए जाने वाले प्रश्नों की संख्या	कुल शब्दों में	अंक	कुल अंक
अ	तर्क/कारण से संबंधित प्रश्न	08	06	कम से कम 50 शब्दों में	03	18
ब	समझ से संबंधित प्रश्न	10	06	कम से कम 150 शब्दों में	05	30
स	विश्लेषणात्मक प्रश्न	07	04	कम से कम 250 शब्दों में	08	32
योग		25	16		16	80

1. व्यावहारिक मूल्यांकन – दो समूहो में विभक्त किया गया है –

1.1. शाला अनुभव कार्यक्रम – प्रथम वर्ष आंतरिक एवं बाह्य मूल्यांकन संस्थान स्तर पर तथा द्वितीय वर्ष आंतरिक एवं बाह्य मूल्यांकन **(छ.ग.मा.शि.मण्डल से नियुक्त बाह्य परीक्षक द्वारा)**

1.2. कम्प्यूटर शिक्षण भाग–एक एवं भाग दो आंतरिक एवं बाह्य मूल्यांकन (प्रशिक्षण संस्थान द्वारा)

1.3. कला शिक्षा एवं लोक संस्कृति भाग–एक एवं भाग दो आंतरिक एवं बाह्य मूल्यांकन (प्रशिक्षण संस्थान द्वारा)

1.4. योग शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, एवं भावात्मक शिक्षा भाग–1 एवं भाग दो आंतरिक एवं बाह्य मूल्यांकन (प्रशिक्षण संस्थान द्वारा)

1.5. कार्य शिक्षा एवं व्यावसायिक विकास– भाग–एक एवं भाग दो आंतरिक एवं बाह्य मूल्यांकन (प्रशिक्षण संस्थान द्वारा)

टीप–*व्यावहारिक मूल्यांकन के अन्तर्गत केवल शाला अनुभव कार्यक्रम का मूल्यांकन छ.मा.शि.मण्डल से नियुक्त बाह्य परीक्षक द्वारा किया जावेगा तथा शेष व्यावहारिक विषयों –कम्प्यूटर, शिक्षण कला। शिक्षा एवं लोक संस्कृति ।योग शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, एवं भावात्मक शिक्षा। कार्य शिक्षा एवं व्यावसायिक विकास का आंतरिक एवं बाह्य मूल्यांकन संबंधित संस्था के अकादमिक सदस्यों द्वारा सम्पन्न किया जावेगा।*

शाला अनुभव कार्यक्रम का मूल्यांकन –

प्रथम वर्ष में शाला अनुभव कार्यक्रम के अंतर्गत शाला अवलोकन हेतु छात्राध्यापकों के मूल्यांकन की योजना निम्नानुसार होगीः–

मूल्यांकनकर्ता एवं आधार सामाग्री	निर्धारित अंक
1. शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान के पर्यवेक्षक द्वारा – • प्रधान अध्यापक की राय पर आधारित मूल्यांकन • छात्राध्यापकों के द्वारा 24 दिनों (12 दिवस प्राथमिक व 12 दिवस उच्च प्राथमिक में)के दौरान किए कार्य के अवलोकन के आधार पर • बच्चों, पालकों, शिक्षकों व समुदाय के साथ अंतः क्रिया के आधार पर	कुल अंक 20
2. शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान स्तर पर (संस्थान स्तर पर बनी समिति द्वाराः– • छात्राध्यापकों द्वारा 24 दिनों (12 दिवस प्राथमिक व 12 दिवस उच्च प्राथमिक में) के शाला अवलोकन में किए गए अवलोकन एवं कार्यों का प्रस्तुतीकरण। • अभ्यास शाला में किए गए अन्तः क्रिया, खेलकूद संचालन तथा अन्य कार्य	कुल 20 अंक
कुल अंक	कुल अंक–40

मूल्यांकन पत्रक –1

क्र.	मूल्यांकन के बिन्दु	अंक विभाजन	विशेष टीप
1	छात्राध्यापक द्वारा शाला अवलोकन में किए कार्यो की स्वयं द्वारा की गई मानिटरिंग के आधार पर	05	
2	प्रधानाध्यापक द्वारा दिए गए अवलोकन रिपोर्ट के आधार पर	05	
3	समुदाय एवं पालकों व एस.एम.सी. के साथ किए गए कार्य एवं प्रतिवेदन के आधार पर	05	
4	कक्षा व शाला में छात्राध्यापक का व्यवहार एवं भागीदारी तथा बच्चों की समझ के विषय में लिखे गए रिफ्लेक्टिव डायरी तथा ड्राप आउट बच्चों को शाला में लाने हेतु किए गए कार्य के आधार पर	05	
	योग	**20**	

मूल्यांकन पत्रक–2

क्र.	मूल्यांकन के बिन्दु	अंक विभाजन	विशेष टीप
1	छात्राध्यापक द्वारा अपने किए गए कार्य का प्रस्तुतीकरणः	08	
	कार्य की समझ (छात्राध्यापक के शिक्षकीय कार्य)		
	बच्चों के बारे में समझ		
	कक्षा अवलोकन की समीक्षा		
	समुदाय के बारे मे समझ		
2	24 दिन (12 प्राथ+ 12 उच्च प्राथमिक) का शाला अवलोकन प्रतिवेदन	04	
3	प्रधानाध्यापक द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन	04	
4	छात्राध्यापक से सवाल–जवाब	04	
योग		**20**	

डी.एल.एड. प्रथम वर्ष

प्रश्न पत्र – पहला

बाल विकास और सीखना

उद्देश्य–

- बच्चों व बचपन के बारे में आम धारणाओं की समीक्षा कर सकें।
- बच्चों के विकास के शारीरिक, संवेगात्मक, सामाजिक व बौद्धिक पहलुओं को समझें।
- सीखना क्या है तथा हम कैसे सीखते हैं, इस पर विचार करें ।
- बच्चों में सोचने की क्षमता का विकास कैसे होता है– सोचने की प्रक्रिया समझें ।
- बालविकास से संबंधित विभिन्न सिद्धांतों से परिचय हो सके और शिक्षण कार्य में उनकी प्रासंगिकता को देख सके।
- बच्चों का अध्ययन कैसे किया जाता है इसके तरीकों से पहचान बनायें।
- विभिन्न क्षमता व अभिरूचि वाले बच्चों के लिए कक्षा में कैसे जगह बनाएं यह समझें।

बाल विकास और सीखना				
क्र	पाठ/ विषयवस्तु		कुल अंक 80 कालखण्ड 120	
			अंक	कालखण्ड
1	बच्चों एवं बचपन के बारे में हमारी धारणाओं की समीक्षा	हमारे विचार, बच्चों के साथ काम करने वाले विद्वानों के विचार– गिजुभाई, जॉन होल्ट, ए.एस.नील आदि	9	14
		बच्चों के अधिकार, बचपन के बारे में धारणाएं समाज में कैसे निर्मित होती हैं		
2	बाल विकास परिचय	विकास की अवधारणा विकास की अवस्थाए– गर्भावस्था, शैशवावस्था, प्रारंभिक व उत्तर बाल्यावस्था, किशोरावस्था	15	24
		शारीरिक, संज्ञानात्मक , सामाजिक , संवेगात्मक विकास		
		विकास को प्रभावित करने वाली बातें –प्रकृति एवं पोषण, निरंतरता व अनिरंतरता, प्रारंभिक एवं परवर्ती (बाद के) अनुभव		
		बाल विकास की सामाजिक एवं सांस्कृतिक पृष्ठभूमि		
		बच्चों का अध्ययन कुछ तरीकों से परिचय		
3.	विकास के पहलू– (क) शारीरिक व गत्यात्मक विकास, शारीरिक नियंत्रण व समन्वयन का विकास	कुछ सामान्य सिद्धांत	17	24
		शरीर के अंगों का अनुपात में बदलाव, ऊँचाई व वजन में वृद्धि, शारीरिक बनावट में बदलाव		
		नियंत्रण का विकास (स्थूल एवं सूक्ष्म)		
		शारीरिक विकास को प्रभावित करने वाली बातें – पोषण, पर्यावरण के साथ क्रिया		
		संवेगात्मक विकास		

	(ख) संवेगात्मक एवं नैतिक विकास	नैतिक विकास (विद्यालय एवं गृह निर्माण वातावरण, मित्र समूह एवं वयस्कों के साथ संबंध बाल विकास की सामाजिक एवं सांस्कृतिक पृष्ठभूमि व्यक्तित्व का विकास एवं समाजीकरण		
4.	**सीखना एवं संज्ञान का विकास**	सीखना क्या है और बच्चे कैसे सीखते हैं? विविध धारणाओं की समीक्षा – व्यवहारवादी, संरचनावादी, सामाजिक संकल्पनाएं संज्ञान क्या है? बच्चों की सोच पर जीन पियाजे के विचार ज्ञान का निर्माण के तरीके स्कीमा (Schema) सम्मिलन (Assimilation) समायोजन (Accomodation) व्यवस्थापन (Organization) संतुलनीकरण (Equilibration) वयस्क व्यक्ति की सोच के लक्षण (What is mental operation) शैशव अवस्था में किशोरावस्था तक सोच का विकास व उसकी कड़ियाँ सेसरीमोटर , प्री आपरेशन , क्रांकीट आपरेशन, फार्मल आपरेशन पियाजे के सिद्धातों का शैक्षणिक महत्व लेव वैगोत्सकी रचनावाद निकट विकास क्षेत्र (ZPD) स्केफोल्डिग शिक्षक की भूमिका	17	24
5.	**खेल तथा विकास में खेल का महत्व**	खेल की परिभाषा । खेल का मनोविश्लेशणात्मक दृष्टिकोण। वाय्गोट्सकी ढ़ांचे में खेल का स्थान। खेल का विकास मार्ग। खेल एक प्रमुख गतिविधि। खेल की समृद्वि। विकास में खेल की भूमिका।	11	16
6.	**विशेष आवश्यकता वाले बच्चे**	विशिष्ट बच्चों से अभिप्राय। क्षति,दिव्यांगता एवं अक्षमता। विभिन्नताओं में समानता। विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के साथ कार्य ।	11	18

आंतरिक मूल्यांकन कुल 20 अंक
कुछ उदाहरण 1. कम से कम दो बच्चों का पारिवारिक,सामाजिक तथा सांस्कृतिक परिप्रेक्ष्य के आधार पर अध्ययन। 2. किसी एक, विशेष आवश्यकता वाले बच्चे का सामाजिक संयोजन का अध्ययन। 3. बच्चों के द्वारा खेले जाने वाले खेलों में सहभागी बन विश्लेषण करें जिसमें गत्यात्मक कौशल, खेल के दौरान प्रयोग की गई भाषा ,समूह रचना तथा नियमों को बनाना, पालन करना, जेन्डर व्यवहार, खेल गीत का उल्लेख हो ?

संदर्भ–

- माता पिता के प्रश्न– गिजु भाई
- दिवास्वप्न– गिजु भाई
- समरहिल – ए.एस.नील
- अनारको के आठ दिन–सत्यु
- पिप्पी लंबे मोजे–ऐस्ट्रिक लिंडग्रन
- तोतोचान–तेत्सुको कुरोयानागी
- बच्चे असफल कैसे होते हैं –जॉन होल्ट
- DECE -I VOL-I I & III IGNOU-
- Child development (11th edition) (अनुवादित)-John w Santrock S.K. Mangal
- Child development(6thedition)(अनुवादित)-Elizabeth B Hurlock, Tata Macgrow Hill Publication Co.ltd.2007
- Child development 7th edition (अनुवादित)--Laura E Berk Pearsons & Prentice Hall, New Delhi 2007,
- Educational- Psychology Santrock,
- Child development 2nd edition (अनुवादित)-- Laura E Berk Pearsons & Prentice Hall, New Delhi 2007,
- John W Santrock Child development Tata Mac Graw Hill Pub.Co.ltd. (अनुवादित)-
- विकास में खेल का महत्व & IGNOU
- DECE-3 बच्चों के लिए सेवाएं एवं कार्यक्रम भाग 1 व 2, IGNOU

डी.एल.एड. प्रथम वर्ष
प्रश्न पत्र – दूसरा

ज्ञान, शिक्षाक्रम व शिक्षणशास्त्र

उद्देश्य –

- ज्ञान और शिक्षा के संबंध के सवालों को समझने के लिए जिज्ञासा पैदा करना और उन पर समझ बनाना।
- ज्ञान की प्रकृति को समझना। उनके सृजन, निर्माण ,जाँच और जीवन में स्थान के बारे में समझना।
- ज्ञान,शिक्षाक्रम और शिक्षण शास्त्र के बारे में छात्राध्यापकों के मन में कोई व्यवस्थित विचार का बनना जिससे वे इन सवालों पर अपना मत बना सकें।

	ज्ञान, शिक्षाक्रम व शिक्षण शास्त्र			
क्र.	पाठ / विषयवस्तु के नाम		कुल अंक 80 कालखण्ड 120	
			अंक	कालखण्ड
1	विषय प्रवेश	अपनी स्कूली शिक्षा पर विचार । आदर्शों को पढ़ना। अध्ययन सामग्री – समरहिल, दिवास्वप्न , तोतोचान ,यात्स्नाया पोल्याना। ज्ञान व शिक्षा की एक झलक।	15	20
2	ज्ञान के प्रकार	आम बोलचाल की भाषा में ज्ञान, शब्द और उनके पीछे अवधारणा। कौशल व व्यावहारिक ज्ञान,परिचयात्मक ज्ञान,तथ्यात्मक ज्ञान ,वर्णनात्मक ज्ञान में अन्तर संबंध। कौशल (करने) को तथ्यात्मक ज्ञान मे तब्दील करने की सम्भावनाएँ/आवश्यकता /संबंध । ज्ञान के प्रकारों पर विमर्श का शिक्षा से संबंध।	15	22
3	ज्ञान और प्रमाण	शिक्षा और ज्ञान। ज्ञान और प्रमाण। प्रत्यक्ष/अनुमान /उपमान/शब्द।	10	17
4	ज्ञान की शर्ते	प्लेटो,दकार्त,जॉनलॉक,बर्कले,कांट । ज्ञान की शर्तें।	15	22
5	ज्ञान का स्वरूप	गणित/विज्ञान/सा. विज्ञान/इतिहास/सौन्दर्यबोध/नैतिक समझ/दर्शन की प्रकृति । भाषा /कौशल । विद्यालय के विषय और ज्ञान का स्वरूप।	10	17

6	**ज्ञान और शिक्षाक्रम**	शिक्षाक्रम की जरूरत। शिक्षाक्रम की अवधारणा। पाठ्यक्रम की अवधारणा। शिक्षाक्रम निर्माण की समस्याएं। शिक्षाक्रम के चुनाव के आधार।	15	22

आंतरिक मूल्यांकन   कुल 20 अंक
कुछ उदाहरण 1. मान लीजिए, आप एक स्कूल आरम्भ करने जा रहे हैं। एक स्कूल कहलाने के लिए क्या–क्या होना अनिवार्य है ? क्या नहीं होने से वह स्कूल नहीं होगा ? अपने स्कूल की अवधारणा को तर्क सहित बताएँ। 2. अपने आसपास के समुदाय से कौशलात्मक ज्ञान के तीन उदाहरण चुनिए। उन कौशलों में निपुण एक–एक व्यक्ति के साथ बात करके पता लगाइए कि उन्होंने ये कौशल कैसे अर्जित किए ? उनके अर्जित करने के तरीके और अध्याय में वर्णित अर्जित करने के तरीकों का तुलनात्मक विश्लेषण कीजिए साथ ही यह भी देखिए कि वह व्यक्ति कौशल सीखने को कितनी बारीकी से बता पाता है और बताने में क्या छूट जाता है ? 3. यदि ज्ञान प्राप्त करने के साधनों में सिर्फ शब्द प्रमाण तक ही सीमित कर दिया जाए तो ज्ञान पर इसका क्या असर पड़ेगा ? हमारे स्कूलों में सीखने–सिखाने की प्रक्रियाओं पर इसका क्या असर पड़ेगा ? ऐसा कौन सा ज्ञान है जो इसके अन्तर्गत नहीं आ पाएगा ? 4. यदि प्रत्येक व्यक्ति यह मानने लगे कि वह जिन चीजों को सत्य मानता है वही सत्य है, दूसरे चाहे कुछ भी मानते रहें। यदि ज्ञान को लेकर हरेक व्यक्ति ऐसा विचार रखने लगे तो इससे क्या समस्याएँ होंगी? 5. अपने रोजमर्रा के जीवन में हम जिन चीजों, विश्वासों, मान्यताओं, विचारों को सही मानते हैं उनकी सूची बनाएं। यदि संदेह की विधि को इन पर लागू करें तो कौन सी चीजें, विश्वास, मान्यताएँ और विचार ज्यादा टिकाऊ होंगे और कौन से ऐसे होंगे जिन्हें सत्य मानने में समस्या महसूस होगी?

संदर्भ–

- दिवास्वप्न – गिजू भाई
- समरहिल – ए.एस.नील
- लियो टॉल्सटॉय की शिक्षाशास्त्रीय रचनाएँ – टॉल्सटॉय
- तोतोचान – तेत्सुको कुरोयानागी
- ज्ञान मीमांसा –प्रो.दयाकृष्ण
- द प्राब्लम्स ऑफ फिलॉसॉफी – बर्ट्रेण्ड रसेल
- दर्शन एक सरल परिचय –प्रो.राजेन्द्र स्वरूप भटनागर
- भारतीय दर्शन भाग 1 एवं भाग 2 – डॉ. राधाकृष्णन
- पाश्चात्य दर्शन भाग 1 एवं भाग 2 प्रो.दयाकृष्ण
- भारतीय दर्शन एक परिचय – दत्त एवं चटर्जी
- फिलॉसॉफी ऑफ वेस्टन फिलॉसॉफी – बर्ट्रेण्ड रसेल
- शिक्षा और समझ – रोहित धनकर
- फिलॉसॉफी ऑफ प्रायमरी एज्जुकेशन – आर.एफ.डियड्रेन
- अनुभववाद – राजेन्द्र प्रसाद
- फिलॉसॉफी ऑफ हयूमन लर्निंग – क्रिस्टोफर
- फिलॉसॉफी ऑफ पॉलिसी मेकिंग – क्रिस्टोफर

डी.एल.एड. प्रथम वर्ष
प्रश्न पत्र – तीसरा

शैक्षिक तकनीकी

उद्देश्य –

- शैक्षिक तकनीकी एवं संप्रेषण के बारे में जान पाएंगे।
- विभिन्न शिक्षण विधियों का प्रयोग करना सीख पाएंगें ।
- सूचना तकनीकी के उपयोग से अवगत हो सकेंगे ।
- सीखने–सीखाने के विभिन्न तरीकों के बारे में जान पाएंगे।
- समावेशी शिक्षा में आई.सी.टी की भूमिका को समझ पाएंगे।
- मूल्यांकन हेतु शैक्षिक तकनीकी के उपयोग को जान पाएंगें।

शैक्षिक तकनीकी				
क्र	**पाठ/ विषयवस्तु**		**कुल अंक 80 कालखण्ड 120**	
			अंक	कालखण्ड
1	**शैक्षिक तकनीकी एवं संप्रेषण**	1.1. भूमिका 1.1.1. शैक्षिक तकनीकी का अर्थ 1.1.2. शैक्षिक तकनीकी का प्रकार 1.1.3. शैक्षिक तकनीकी की आवश्यकता एवं उपयोग 1.1.4. शैक्षिक तकनीकी का क्षेत्र 1.1.5. शैक्षिक तकनीकी के कार्य 1.1.6. शैक्षिक तकनीकी के सोपान 1.2. संप्रेषण 1.2.1. अवधारणा 1.2.2. संप्रेषण का अर्थ, 1.2.3. संप्रेषण का चक्र 1.2.4. संप्रेषण के प्रकार 1.2.5. संप्रेषण की सीमाएँ 1.2.6. संपेषण की आवश्यकताएं 1.2.7. संप्रेषण के सिद्धांत 1.2.8. संप्रेषण के माध्यम 1.2.9. एडगर डेल का अनुभव शंकु 1.3. शिक्षण –अधिगम के सन्दर्भ में आई.सी.टी. का परिचय 1.3.1. परिचय, उद्देश्य 1.3.2. आई.सी.टी. क्या है?	20	30

		1.3.3. आई.सी.टी.का उपयोग		
2	**सूचना तकनीकी तथा ई–लर्निंग**	2.1. अवधारणा 2.2. सूचना तकनीकी के उपयोग एवं शैक्षिक आवश्यकता 2.3. शिक्षा में सूचना तकनीकी का महत्त्व 2.4. ई–लर्निंग की अवधारणा 2.5. शिक्षा में तकनीकी और शिक्षा की तकनीकी 2.6. शिक्षण विधियॉ पारंपरिक शिक्षण विधियॉ–व्याख्यान विधि,संशोधित व्याख्यान विधि व्याख्यान प्रदर्शन विधि 2.7. नवाचार शिक्षण विधियॉ ह्यूरिस्टिक विधि अन्तःक्रिया विधि खेल–खेल में शिक्षण क्रियाकलाप विधि,कहानी विधि, प्रयोजना विधि,आगमन विधि,निगमन विधि 2.8. जोड़ी दार पद्धति, त्रिपद पद्धति,समस्या समाधान विधि, किम, नोट्स लिखना, माइंडमैप,सारांशीकरण,वेबथीम,अभिनय श्लोक सूत्र,क्वीज,अंत्याक्षरी वाद विवाद,बहुबुद्धि, 5ई–माडल,	20	30
3	**शैक्षिक साधन**	3.1. विभिन्न विषयों के शिक्षण में सूचना एवं संप्रेषण तकनीकी का उपयोग रेडियो, दूरदर्शन, डिस्प्ले बोर्ड, श्वेत या श्यामपट, लपेट फलक, क्लिप बोर्ड, इंटरेक्टिव बोर्ड, कम्प्यूटर, सी.डी.प्लेयर विजुआलाईजर /डाक्यूमेंट कैमरा,ओवर हेड प्रोजेक्टर, डिजिटलकैमरा, मल्टीमिडिया प्रोजेक्टर, मोबाईल 3.2. ऐड्डी माडल 3.3. स्थानीय सामग्री का उपयोग 3.3.1. स्थानीय परिवेश से शिक्षण 3.3.2. क्षेत्र भ्रमण 3.3.3. विद्यालयी भूमि/भवन का शिक्षण में उपयोग 3.3.4. वृक्ष एवं पौधे 3.3.5. स्थानीय जीव 3.3.6. मेले 3.3.7. स्थानीय ऐतिहासिक स्थल एवं	20	30

		स्मारक 3.3.8. कम कीमत वाली वस्तुओं से शिक्षण 3.3.9. कबाड़ से जुगाड़ द्वारा शिक्षण 3.4. **अनुरूपित शिक्षण** – अवधारणा,प्रक्रिया,तत्व ,गुण–दोष 3.4. **दल शिक्षण** – अवधारणा , उद्देश्य , प्रकार, प्रक्रिया , सीमाएँ 3.5. कम्प्यूटर सहायता अधिगम एवं कम्प्यूटर सहायता अनुदेशन 3.5.1. कम्प्यूटर सहायता अधिगम 3.5.2. कम्प्यूटर सहायता अनुदेशन अधिगम 3.6. ऑन लाईन शिक्षा 3.7. वर्चुअल क्लासरूम 3.8. स्मार्ट क्लास		
4	**सीखने – सिखाने में तकनीकी**	4.1.1. पावर पाईन्ट 4.1.2. मल्टीमीटिया 4.1.3. इन्टरनेट 4.1.4. ब्लू टूथ 4.1.5. इन्टरनेट ब्राऊजर 4.1.6. ई–मेल 4.1.7. इलेक्ट्रानिक कामर्स 4.1.8. इन्साइक्लोपीडिया 4.1.9. साइबर क्राइम 4.1.10. चैटिंग 4.2. **समावेशी शिक्षा में आई. सी.टी. की भूमिका** 4.2.1. परिचय 4.2.2. श्रवण संबंधी निर्योग्यताओं के निराकरण हेतु उपकरण 4.2.3. दृष्टि बाधितों के निराकरण हेतु उपकरण 4.2.4. अधिगम संबंधी निर्योग्यताओं के निराकरण हेतु उपकरण 4.3. मूल्यांकन में शैक्षिक तकनीकी का उपयोग 4.3.1. विद्यार्थियों के अधिगम का मूल्यांकन करने की विभिन्न तकनीकें 4.3.2. मूल्यांकन मे सूचना एवं सम्प्रेषण तकनीकी के लाभ	20	30

		4.3.3. मूल्यांकन मे सूचना एवं सम्प्रेषण तकनीकी के उपयोग से हानियॉ 4.3.4. उपचारात्मक शिक्षण मे सूचना एवं सम्प्रेषण तकनीकी का उपयोग 4.3.4. मूल्यांकन हेतु उपयोग में आने वाले हार्डवेयर एवं सॉफ्टवेयर उपकरण		

आंतरिक मूल्यांकन कुल 20 अंक
कुछ उदाहरण • इन्टरनेट की सहायता से पर्यावरण अध्ययन की किसी विषयवस्तु को समझाने के लिए सामग्री एकत्रित करें । • अपना स्वयं का ई–मेल आई डी बनाएं एवं 5 व्यक्तियों को मेल करें । • विभिन्न शिक्षण विधियों का उपयोग करके पाठ योजना बनाएं एवं शाला अनुभव कार्य{म के दौरान उसका उपयोग करें। • बिना कीमत अथवा कम कीमत वाली वस्तुओं से शिक्षण सामग्री तैयार करें एवं उसकी प्रदर्शनी लगाएं। • किसी एक विषयवस्तु पर पावरपाइंट प्रेजेन्टेशन तैयार करें ।

संदर्भ –

- शैक्षिक तकनीकी के मूल आधार– डॉ एस.पी.कुलश्रेष्ठ, डॉ. ए.के. कुलश्रेष्ठ
- शिक्षक शिक्षण एवं तकनीकी – डॉ आर.ए.शर्मा , डॉ. शिखा चतुर्वेदी
- शैक्षिक तकनीकी – डॉ. सुमनलता. , डॉ एच.एल.खत्री
- शिक्षा तकनीकी – डॉ आर.ए.शर्मा
- शैक्षिक तकनीकी एव कक्षा – कक्षा प्रबन्ध –डॉ सरोज शर्मा, डॉ नंदिनी गुप्ता
- शैक्षिक तकनीकी एवं प्रबन्ध – जे.सी. अग्रवाल
- शैक्षिक तकनीकी के मूल आधार – विनोद कुमार अत्री
- शैक्षिक तकनीकी के मूल तत्व एवं प्रबन्धन– डॉ गया सिंह
- सूचना संप्रेषण तकनीकी B.S.T.C. (D.EL.ED) पठन सामग्री – प्रथम वर्ष ,राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान,उदयपुर

डी.एल.एड. प्रथम वर्ष

प्रश्न पत्र – चौथा

हिन्दी भाषा शिक्षण स्तर–1

उद्देश्य –

- भाषा की इंसान के जीवन में भूमिका को समझ पाना।
- बच्चे भाषा कैसे सीखते हैं? सीखने की प्रक्रिया को कौन–कौन से घटक प्रभावित करते हैं?
- भाषा सीखने की प्रक्रिया में शिक्षक की भूमिका क्या है? इन बिन्दुओं पर समझ बनाना।
- भाषा के सामाजिक तथा राजनैतिक पहलुओं को समझना, यह समझना कि क्या–क्या इनके निहितार्थ हैं।
- भाषा में मूल्यांकन का उद्देश्य क्या होना चाहिए और मूल्यांकन करने का क्या तरीका होना चाहिए इस पर अपनी समझ बनाना।

हिन्दी भाषा शिक्षण भाग–1				
क्र.	पाठ / विषयवस्तु		कुल अंक 80 कालखण्ड 120	
			अंक	कालखण्ड
1	भाषा एवं मानव का संबंध	• बच्चों की भाषा • अपना सिर थपथपाना व पेट को मलना • भाषा : मानव शास्त्रीय दृष्टि में	15	25
2	बच्चों की भाषाई विकास की प्रक्रिया	• बच्चों की भाषा सीखने की क्षमता–1 • बच्चों की भाषा सीखने की क्षमता–2 • भाषा सिखाना माने क्या • भाषा व भाषा शिक्षण • बच्चे भाषा कैसे सीखते हैं : कुदरती जादू या लंबा सफर?	12	15
3	भाषा का सामाजिक एवं राजनैतिक संबंध	• बहुभाषिता, साक्षरता, भाषा–शिक्षण एवं बौद्धिक विकास • भारतीय भाषाएँ : विकासशील समाज में पहचान का माध्यम • भाषा और तौर तरीके • कौन भाषा, कौन बोली	12	15
4	बच्चों में भाषाई क्षमता एवं उनका विकास	• बातें करना • पढ़ना यानि एक सृजनात्मक अनुभव • सही मायनों में आखिर 'पढ़ना' है क्या?	08	13

5	कक्षा में पढ़ना सीखना	• बच्चे पढ़ क्यों नहीं पाते? • पढ़ना कैसे सिखाया जाय? • पढ़ने का आकलन कैसे करें • पढ़ाई पहली कक्षा की • पढ़ना सिखाना	15	25
6	कक्षा में लिखना सीखना	• लिखना – क्या और कैसे? • लिखना सिखाने के उभरते आयाम • लेखन के विविध प्रकार • लिखना–बातचीत	10	14
7	मूल्यांकन / आकलन	• आकलन (NCERT Handbook) • मूल्यांकन (एन.सी.एफ.) • प्राथमिक स्तर पर आकलन की मौजूदा प्रक्रिया • आकलन के तरीके	08	13

आंतरिक मूल्यांकन कुल 20 अंक

कुछ उदाहरण

1. एक से पांच वर्ष के बच्चे भाषा कैसे सीखते है का अध्ययन ।
2. अपने क्षेत्र की स्थानीय कहानियों/गीतों/कविताओं का संकलन कर बच्चों की भाषायी क्षमता के विकास में उनके योगदान का अध्ययन।
3. कक्षा में बच्चों के बीच की भाषा को लिपिबद्ध कर उनका अध्ययन करना।
4. हिन्दी भाषा की पाठ्यपुस्तक का विश्लेषण निम्न आधार पर–

   पढ़ना सिखाने के बारे में पुस्तक में अपनाये गये तरीके ।

   लिखना सिखाने के बारे में पुस्तक में अपनाये गये तरीके ।

   भाषायी क्षमता बढ़ाने के लिए पुस्तक में दी गयी गतिविधियाँ।

   कक्षा एक से पांच तक गतिविधियाँ बनाना। जैसे – 'क्या होता है लाल लाल।'

संदर्भ –

- एन्थ्रोपोलॉजी (fifth edition), पापुलर आइडिया एबाउट लग्वैज
- भाषायी अस्मिता व हिन्दी (Language and Identity) रवीन्द्र नाथ श्रीवास्तव
- बच्चे की भाषा और अध्यापक –श्री कृष्ण कुमार अध्याय –1, भाषा और अधिगम , जेम्सब्रिटेन
- भाषा और ज्ञान का निर्माण आर.सी.शर्मा

(i) Psychology Essentials Articulate Mammal Santrock Jean Aichision
(ii) भाषा व अधिगम जेम्स ब्रिटन रिपोर्ट कार्यशाला

- ज्ञान के निर्माण की प्रोसीडिंग –आर.अमृतवल्ली Articulate Mannual जीन एचिनसन
- बहुभाषिता व हिन्दी – रमाकांत अग्निहोत्री

- Language and identity David Crystal
- भारतीय भाषाएं विकासशील समाज में पहचान का माध्यम– अंजनी सिन्हा हिन्दी का सामाजिक संदर्भ (बोली भाषा एवं मानकीकरण)
- Reading of meaning (The Identification fo Meaning – frank Smith)
- पठन सामग्री (ज्ञान की संरचना) Sonika Kawh.K 28-54]
- What is Reading ? Richard C.Andesson & all Reading for Meaning
- The Teaching of reading - BrianThompson)
- पढ़ना सिखाने में शिक्षक की भूमिका –लता पांडे
- NCERT 9–14 पढ़ाई पहली कक्षा की – अक्षय कुमार दीक्षित
- पढ़ना सिखाने की शुरूआत NCERT 1–4 – लता पांडे
- बच्चे पढ़ क्यों नहीं पाते– Frank Smith अनुवाद – सुशील जोशी
- Writing: from chap 11 learning cognistion in the content areas
- Educational Psychology - Jhon W. Santrock IInd Edition 49-61 348-354
- बोलना व लिखना (वाल्स चेफ) CTE 05 – Block 4 Unit 15,16 IGNOU , Emerging trends in teaching writing(unit 12)
- भाषा शिक्षा – डॉ. रवीन्द्रनाथ श्रीवास्तव

1. पढ़ने सीखने की शुरूआत
2. पढ़ने का आकलन कैसे करें – शरद कुमारी
3. लता पांडे 27–37
4. Reading for meaning (Reading –A Psychoti agaritic guming game- Kenneth S. Goodman 1&13

डी.एल.एड. प्रथम वर्ष

प्रश्न पत्र – पांचवां

ENGLISH LANGUAGE PROFICIENCY

Objectives

- To develop the language skills and knowledge of the student teachers to make them use English fluently.
- To equip student teachers with theoretical and pedagogic perspectives on English as a second language.
- To develop critical awareness of approaches, methods and principles of language learning/acquisition in the student teachers.
- To familiarize the student teachers with different aspects of effective classroom management, procedures and strategies for teaching English.
- To provide hands on experience in developing lesson planning for effective teaching of English.
- To develop or make use of resources and materials for teaching and assessing young learners.

ENGLISH LANGUAGE PROFICIENCY				
UNITS-	**Lesson & Topic Name**		**Total Marks 80**	**Periods -120**
UNIT-1	**ENGLISH IN INDIA**	• Why English in India? • How Learning first language different from learning second language • Challenges of learning/teaching English as a second language • Langauge Acquisition and second Language • Learning	**03**	**05**
UNIT-2	**LEARNING LSRW SKILLS THROUGH THE FOLLOWING LANGUAGE FUNCTIONS**	• Greeting • Taking leave • Enquiring, giving information • Apologizing • Appreciating • Giving directions	**47**	**65**

UNIT-3	**STUDY KILLS**	• Dictionary skills • Note Making • Information transfer • Interpretation of data	**08**	**10**
UNIT-4	**APPROACHES AND METHODS OF SECOND LANGUAGE TEACHING**	• Approaches and methods of teaching English as second language • Recent Developments • Classroom management • The English Language Teacher as an Innovator	**15**	**30**
UNIT-5	**EVALUATION**	• good test items • Preparing test items • analysis and preparation of blue print	**07**	**10**

Internal Assessment	**20 marks**
Internal Assessment will be based on assessment of listening (5 marks), speaking (5 marks) reading aloud (5 marks) writing (5 marks)	

Reference:

Agnihotri R.K. and A.L.Khanna, 1996 English Grammar in Context, Ratna Sagar Publication.

Adrioan Doff, Teacher's workbook – Teah English-Cambridge Teacher Training and Development.

Das Gupta, J. 1970. Language Conflict and National Development : Group Politics and National language Policy in India, p. 43-45)

George Yule, Second Language acquisition/learning – Pg no. 162 to 170 - The study of Language (Third edition)

J.C. Aggarwal, Principles, methods and techniques of teaching, Vikas Publishing House PVT LTD, Second Revised Edition.

Jack C. Richards, Theodore S. Rodgers, Approaches and methods in language teaching: Foundation of Bilingual education and bilingualism, Colin Baker.

Jim Trelease, When to begin read – The new read aloud Handbook

Lorna M. Earl, Assessment as Learning – Using classroom assessment to maximize student learning, Corwin Press, INC.

Mary Spratt., English for the teacher – A language development course –

V. Saraswati, English Language Teaching Principle, Practices Orient Longman

Dianne Larsen – Freeman Technique and Principle in Language Teaching OUP

Jane Willis- Teaching English Through English .

Kamlesh Sadanand & Susheela Punita 2014 - Spoken English – A Foundation Course

Learn English, Teach English: English Skills for Teachers- Ravinarayan Chakrakodi

Padhne ki sanajh – Reading development Cell – NCERT

Reading for meaning – Reading development Cell – NCERT

Robert L. Linn, Norman E. Gronlund, Measurement and Assessment in Teaching, Englih edition, Person Education, Inc.

Rungeen singh, Kitu oges on a holiday – Vishv books

S. nagarajan, 'the decline of English in India', college English, Vol. 43, No. 7, Nov. 1981, Pg 665

Susan B. Neuman and Kathleen Roskos, Nurturing Knowledge.

The TKT Tteaching Knowledge Textbook- Mary Spratt, Ala Pulverness, Melanie Williams- CUP

Brad Decan and Tim Murphy, Kahani sunakar to dekho

IGNOU, CTE, 01, Block 4, Unit 15, pg no. 25-26

IGNOU, CTE, 01, Block 4, Unit 15, Pg 24

Learning Curve – Language Issue – Azim Premji Foundation

NCERT- NCF –2005

Prashant Agrawal, 'Leader Article: Myths about English', The Times of India, Nov 17, 2007

Sanjiv Kaura, 'Language Without barriers', The times of India, Mar 11, 2010

Time to rhyme – A CBT publication – Eklavya

Young India 1919-22, p. 451

Web links:

http:// www.uwsp.edu/education/lwilson/learning/quest2.htm

http:// www. Educationsoasis.com/curriculum/LP/LP resources/lesson objectives.htm#avwww.cbse.nic .in

www.ncert.nic.in

http:// www.improvespokenenglish.org/search/label/Conversation

http:// www.mindmapart.com/energy-saving-mind-map-jane-genovese

http:// www.msu.edu/caplan/drama/tesol2005/situations.doc

http:// www.scribd.com/doc/391505/Paragraph-Writing

http:// www.teflgames.com/why.html- May 28, 2010

www.sendaiedu.com/effectiveuseofthetxtbookhandouthung.doc

www.slideshare.net/wisdom/adaptingalanguagetextbook

en.wikipedia.org/wiki/Children's_literature

http://www.brighthub.com/education/k-12/articles/6211.aspx#ixzzorUR6623j

डी.एल.एड. प्रथम वर्ष
प्रश्न पत्र – छठवां

गणित शिक्षण

उद्देश्य

- गणित की प्रकृति दैनिक जीवन में इस की महत्ता एवं विशेषताओं को समझना।
- गणितीय अवधारणाओं की समझ कैसे विकसित होती है यह समझना।
- पाठ्यक्रम को पूरा करते समय शिक्षक किसी बच्चे को तथा उसके शैक्षिक विकास के चरणों को समझ सकेंगे तथा यह तय कर पाएँगे कि प्राथमिक गणित की विभिन्न अवधारणाओं को किस स्तर पर, किस तरह पढ़ाया जाए, इसे समझना।
- बच्चे कैसे सीखते हैं तथा उनकी गणितीय सोच को विकसित करने के लिए कैसे उनकी मदद की जा सकती है, इसे समझना।
- गणित सीखने में खेलों की भूमिका तथा सीखने में मदद करने वाले अन्य वैकल्पिक तरीकों को समझना।
- अवधारणाओं को सीखने की उपयुक्त रणनीति के साथ, संख्या की अवधारणा, स्थानीय मान, गणितीय संक्रियाएँ तथा स्थान संबंधी अवधारणाओं की विस्तृत चर्चा कर अवधारणाओं को सीखते समय हम जिन समस्याओं से जूझते हैं उन्हें समझने तथा उनके उपचार के तरीकों को समझना।

<table>
<tr><td colspan="5">गणित शिक्षण</td></tr>
<tr><td>क्र.</td><td colspan="2">पाठ/ विषयवस्तु</td><td colspan="2">कुल अंक 80
कालखण्ड 120</td></tr>
<tr><td rowspan="4">1</td><td rowspan="4">बेकसूर गणित</td><td rowspan="2">गणित क्या है, कहाँ से आया है ? चारों ओर गणित – क्या हमारी सभी गतिविधियों में गणित शामिल है?</td><td>अंक</td><td>कालखण्ड</td></tr>
<tr><td rowspan="3">15</td><td rowspan="3">24</td></tr>
<tr><td>सीखने वालों को पहचानें : बच्चों की सोच – बच्चे कैसे सीखते हैं? गणित सीखना – अपना–अपना तरीका – गणित की भाषा – अपने पर भरोसा – लगातार विकास – संक्रियात्मक अवस्थाएँ – हर बच्चा अनूठा।</td></tr>
<tr><td>सीखने वालों के बारे में विचार : सीखने वालों के बारे में विचार – क्या बच्चे बड़ों की नकल करके सीखते हैं? – क्या बच्चे खाली स्लेट हैं? – क्या बच्चे सीखने को उत्सुक हैं? – कुछ और उदाहरण भारतीय गणितज्ञ</td></tr>
</table>

2	जड़ में है : गिनती	गिनना कैसे सिखायें? : गिनती का मतलब – अनुभव से अवधारणा तक गिनती। इकाई, दहाई और आगे ..... : बुनियादी समझ – संक्रियाएँ लगाने में दिक्कतें – स्थानीय मान क्या है?	12	16
